आजादी के 75 वर्ष के अमृत महोत्सव के उपलक

NSS Dinesh 9 Aug, 2023

राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में आज दिनांक 9 अगस्त 2023 को आजादी के 75 वर्ष के अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर ' *मेरी माटी मेरा देश* ' कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 75 पौधों का रोपण किया गया। तत्पश्चात " *वीरों का वन्दन* " कार्यक्रम के तहत रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकारी प्राचार्य श्री जगमोहन सिंह ठाकुर तथा अतिथि श्री सूरत राम रावल (रिटायर सूबेदार) व श्री तारा दत्त शर्मा (रिटायर लांस हवलदार) द्वारा सरस्वती माता के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। उसके बाद स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया तथा आज के दिन को मनाने के मकसद को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों के साथ सभी ने पंच प्रण की शपथ ली। महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर श्री राजन कौशल द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में अगस्त क्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में पधारे अतिथियों श्री सूरत राम रावल (रिटायर सूबेदार) व श्री तारा दत्त शर्मा (रिटायर लांस हवलदार) को महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा मफलर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उसके बाद श्री सूरत राम रावल (रिटायर सूबेदार) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने जीवन काल में 1962,1965 व 1971 की लड़ाइयों व सैनिक जीवन के अनुभवों को साझा किया तथा स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन कर समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार श्री तारा दत्त शर्मा (रिटायर लांस हवलदार) ने नागा विद्रोह व ब्लू स्टार ओप्रेशन में अपने अनुभवों को साझा किया। इस कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवी आशिता व कुसुम लता ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए तथा रीतू व सहेलियों ने देशभक्ति समूहगान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा अतिथियों व अन्य लोगों का कार्यक्रम में पधारने पर धन्यवाद किया गया तथा राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य के अतिरिक्त सहायक आचार्य समाजशास्त्र श्री सुध्यान नेगी, सहायक आचार्य वाणिज्य श्री कमल सिंह, सहायक आचार्य अंग्रेजी श्री राजन कौशल, सहायक आचार्य वाणिज्य श्री सुदेश कुमार, सहायक आचार्य इतिहास श्री कृष्ण कुमार, सहायक आचार्या हिंदी श्रीमती मोल्लम डोलमा व सहायक आचार्या संगीत श्रीमती रीमा शर्मा के अलावा कार्यालय अधीक्षक श्री शंभूनाथ तथा क्लर्क श्री संजीव कुमार उपस्थित रहे।